पालकी में हो के सवार देखो जी साईं नाथ आए हैं

पालकी में हो के सवार देखो जी साईं नाथ आए हैं
शिर्डी से हो के तैयार, देखो जी साईं नाथ आए हैं

साईं साईं बोल, साईं साईं बोल

बाबा ने हाथों से जादू दिखाए,
पानी से साईं ने दिए जलाए
दीपो का लेके त्यौहार,
देखो जी साईं नाथ आए हैं

शिर्डी में बाबा ने धूनी रमई
द्वारिका माई ने लौ जगाई
धूलि से करने चमत्कार,
देखो जी साईं नाथ आए हैं

फूलों की पालकी में बाबा जी आए
श्रद्धा सबुरी साथ में लाये
सतरंगी कर दिया संसार,
देखो जी साईं नाथ आए हैं

जाए जिदर से साईं सवारी
भक्तो पे किरपा होती है नयारी
भक्तों को देने अपना प्यार,
देखो जी साईं नाथ आए हैं

बाबा के चरणो में जो सर झुकाए
श्रद्धा से उनकी जो पालकी उठाए
कर देंगे सब का बेडा पार,
देखो जी साईं नाथ आए हैं

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/755/title/palki-me-ho-ke-savaar-dekho-ji-sai-naath-aaye-hain

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |